ساتھ مسلم شبد کو بھی جوڑے، جس سے کیول 0-8 فیصد جن سنخیہ والے
اس ورگ کو بھی اپنا شیکشک، آرتھک اور سماجک استر سدھارنے کا اوسر
ملے، تاکہ وہ بھی سمّان سے اپنی زندگی گزار سکیں اور اننے دھرم کے
دلتوں کی طرح مکھیے دھارا میں شامل ہو کر راشٹریہ نرمان میں سہیوگ
دے سکیں۔ شکریہ۔

**श्री राजनीति प्रसाद** (बिहार) : महोदय, मैं अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

### Demand to Stop Exploitation of Rare Medicinal Herbs in Himalayas

**श्री भगवती सिंह** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, उत्तराखंड की हिमालयी पर्वतमाला आयुर्वेद औषधियों के लिए धनी क्षेत्र रहा है। सरकारी उदासीनता के कारण यह क्षेत्र उजड़ रहा है। अविवेकपूर्ण दोहन से वनों का जबरदस्त कटान और बिगड़ते हुए पर्यावरण ने संकट खड़ा कर दिया है। हिमालय से लेकर शिवालिक क्षेत्र में वैध और अवैध रूप से सैकड़ों ठेकेदार जड़ी-बूटी संग्रह में लगे हुए हैं। दवा निर्माता कंपनियां भी इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। आयुर्वेद औषधियों तथा सौन्दर्य प्रसाधनों की बढ़ती हुई मांग के कारण तस्करी बड़ी पैमाने पर हो रही है। विदेशों में भी आयुर्वेद के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इस कारण जड़ी-बूटियों की तमाम प्रजातियां संकटग्रस्त हैं। भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण विभाग ने भी स्वीकार किया है कि जड़ी-बूटियां की करीब एक हजार प्रजातियों के मिलने का उल्लेख किया है, जिनमें तमाम प्रजातियां मिलती ही नहीं और 200 प्रजातियां विलुप्त अवस्था में हैं। हमारी सरकार से मांग है कि दुलर्भ जड़ी-बूटियों के भंडार को बचाने के लिए प्रभावकारी कदम उठाएं। धन्यवाद।

**श्री वीर पाल सिंह यादव** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं इसका समर्थन करता हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House is adjourned for lunch till 2.00 p.m.

---

The House then adjourned for lunch at fifty-five minutes past twelve of the clock.

The House re-assembled after lunch at two minutes past two of the clock,
MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

### GOVERNMENT BILL

### The Right of Children to Free and Compulsory Education Bill, 2008

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up the Right of Children to Free and Compulsory Education Bill, 2008. Mr. Kapil Sibal to move the motion for consideration.

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI KAPIL SIBAL): Sir, I beg to move:

That the Bill to provide for free and compulsory education to all children of the age of six to fourteen years, be taken into consideration.

*The question was proposed.*

**डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला** (राजस्थान) : सभापति महोदय, मंत्री जी ऐसा बिल लेकर आए हैं कि जिसको कोई oppose करेगा ही नहीं। बच्चों की तालीम को तो कोई oppose करेगा नहीं। जब मैं राज्य सभा में चेयर पर थी,